Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding sluggish implementation of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Bihar particularly in Darbhanga.-Laid

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): मैं भारत सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-3, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय से संबंधित है, के विषय पर माननीय मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं । इस महत्वपूर्ण परियोजना से ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों व पुलों का निर्माण एवं विकास करना है जिसके माध्यम से लोगों को सड़कों की अच्छी कनेक्टिविटी प्रदान हो सके । दरभंगा संसदीय क्षेत्र पूर्णतया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है और ग्रामीण क्षेत्र में सड़क संबंधी निर्माण कार्य मात्र 4 से 5 महीने ही संपादित हो सकते हैं । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज 3 के अंतर्गत ना केवल दरभंगा अपितु बिहार राज्य सबसे पिछड़े पायदान पर है और जिसका प्रमुख कारण P.E.C एवं E.C के माध्यम से स्वीकृति में विलंब है । माननीय मंत्री महोदय से आग्रह है कि अविलंब पदाधिकारियों को P.E.C एवं E.C की बैठक आहूत करने हेतु दिशा निर्देश दिया जाए ताकि दरभंगा सहित बिहार राज्य से संबंधित डीपीआर जो ऑनलाइन हो चुका है उसको स्वीकृति मिल सके और सड़क निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जा सके ।